## Sample Question Paper (2025-2026)

## Class : 11th

## विषय : हिंदी ऐच्छिक (Hindi Elective )

ACADEMIC / OPEN　　　　　　　　　　　　Code No. 523

**समय : 3 घंटे**
**अधिकतम अंकः 80**

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 11 मुद्रित पृष्ठ तथा 13 प्रश्न हैं।

प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।

कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरु करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़ें।

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

**सामान्य निर्देशः**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंऐक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित 'निर्देश' दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथा संभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

## खंड - क

**प्रश्न- 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1x5=5**

मानव जीवन के लिए मनोरंजन की अत्यंत आवश्यकता है। मनोरंजन के कार्य तथा साधन कुछ क्षण के लिए मानव जीवन के गहन बोझ को कम करके व्यक्ति में उत्साह का संचालन कर देते हैं। वर्तमान काल में चारों ओर विज्ञान की तूती बोल रही है। मनोरंजन के क्षेत्र में जितने भी सुंदर अन्वेषण एवं आविष्कार हुए हैं, उनमें सिनेमा (चलचित्र) भी एक है। चलचित्र का आविष्कार 1890 ई० में थामस एल्वा एडीसन द्वारा अमेरिका में किया गया। जनसाधारण के सम्मुख सिनेमा पहली बार लंदन में 'लुमेर' द्वारा उपस्थित किया गया।

भारत में पहले सिनेमा के संस्थापक 'दादा साहब फाल्के' समझे जाते हैं। उन्होंने पहला चलचित्र 1913 में बनाया। भारतीय जनता ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। आज इस व्यवसाय पर करोड़ों रुपया लगाया जा रहा है और विश्व में भारत का स्थान इस क्षेत्र में प्रथम है। पहले-पहल चलचित्र जगत में केवल मूक चित्रों का ही निर्माण होता था। बाद में इसमें ध्वनिकरण होता गया।

**(i) मानव जीवन के लिए मनोरंजन क्यों आवश्यक है?**

(क) गहन बोझ को कम करने के लिए

(ख) उत्साह का संचार करने के लिए

(ग) क और ख दोनों सही हैं

(घ) कोई सही नहीं

**(ii) चलचित्र का आविष्कार किसने किया?**

(क) थामस एल्वा एडीसन ने

(ख) दादा साहब फाल्के ने

(ग) लुमैर ने

(घ) उपर्युक्त तीनों ने मिलकर

**(iii) भारत में सिनेमा के पहले संस्थापक कौन थे** ?

(क) थामस एल्वा एडीसन

(ख) दादा साहब फाल्के

(ग) लुमैर

(घ) उपर्युक्त तीनों

**(iv) पहले-पहल किस प्रकार की फिल्मों का निर्माण किया गया?**

(क) रंगीन

(ख) सवाक

(ग) मूक

(घ) सामाजिक

**(v) आमजन के लिए सिनेमा पहली बार कहाँ प्रस्तुत किया गया ?**

(क) लंदन

(ख) भारत

(ग) अमेरिका

(घ) चीन

**प्रश्न-2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5**

सुख-दुख मुस्काना धीरज से रहना, वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।

मैं वीर नारी हूँ साहस की बेटी, मातृभूमि रक्षा को वीर सजा देती

आकुल अंतर की पीर राष्ट्र हेतु सहना, वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।

जीवन भर मुस्काए भारत का अंगना, वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।

राष्ट्र-भूमि मेरी, कोटि-कोटि वीर पूत द्वार-द्वार देती

जीवन भर मुस्काए भारत का अंगना, वीरों के माता हूं वीरों की बहना।

**(i) सुख - दुख में मुस्कुराते हुए कैसे रहना चाहिए?**

(क) धीरज से

(ख) धीर से

(ग) शीर से

(घ) वीरता से

**(ii). आकुल अंतर की पीड़ा किसके लिए सहनी चाहिए ?**

(क) राष्ट्र

(ख) समाज

(ग) जाति

(घ) धर्म

**(iii) 'आकुल' का क्या अर्थ है ?**

(क) घायल

(ख) हताश

(ग) बेचैन

(घ) निराश

**(iv). भारत का अंगना कब तक मुस्कुराए ?**

(क) जीवन भर

(ख) उम्र भर

(ग) मुट्ठी भर

(घ) पल भर

**(v). पीड़ा के लिए कौन-सा पर्यायवाची शब्द प्रयोग किया गया है ?**

(क) धीरज

(ख) पीर

(ग) वीर

(घ) आकुल

## खंड-ख

**प्रश्न-3 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1x5=5**

**(i) 'ईदगाह' कहानी में हामिद को मेले के लिए कितने पैसे मिले थे?**

(क) पाँच आने

(ख) तीन आने

(ग) दो आने

(घ) चार आने

**(ii) 'दोपहर का भोजन' कहानी में मुख्य समस्या है -**

(क) बेरोजगारी

(ख) पुनर्वास

(ग) बीमारी

(घ) शोषण

**(iii) टॉर्च बेचने वाला लोगों को अंधेरे का डर क्यों दिखाता था?**

(क)वह डरता था

(ख)अपना वर्चस्व दिखाने के लिए

(ग)टॉर्च बेचने के लिए

(घ)उपर्युक्त सभी

**(iv) 'गूंगे' कहानी का मूल भाव क्या है?**

(क) खाना बनाने की समस्या

( ख) दहेज

( ग) छूआछूत

( घ) जीवन में कभी हार न मानना

**(v) महात्मा ज्योतिबा फुले का क्या व्यवसाय था ?**

(क) गायक थे

(ख) लेखक थे

(ग) शिक्षक थे

(घ) दार्शनिक थे

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(i) हामिद ने मेले से चिमटा क्यों खरीदा? 3

(ii) गूंगे ने अपने माता-पिता के बारे में चमेली को क्या-क्या बताया ? 3

(iii) मुंशी जी तथा सिद्देश्वरी की असम्बद्ध बातें कहानी से सम्बद्ध कैसे हैं? 2

(iv) क्या लाल का व्यवहार सरकार के विरुद्ध षड्यंत्रकारी था? 2

**प्रश्न 5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x5=5**

हामिद को स्वीकार करना पड़ा कि खिलौनों को देखकर किसी की माँ इतनी खुश न होगी, जितनी दादी चिमटे को देखकर होंगी। तीन पैसों ही में तो उसे सब कुछ करना था और उन पैसों के इस उपयोग पर पछतावे की बिलकुल जरूरत न थी। फिर अब तो चिमटा रुस्तमे-हिंद है और सभी खिलौनों का बादशाह!

(i) गद्यांश के पाठ और लेखक का क्या नाम है?

(ii) हामिद ने मेले में क्या खरीदा ?

(iii) चिमटे के लिए किन विशेषणों का प्रयोग किया गया है?

(iv) हामिद को अपनी खरीद पर पछतावा क्यों नहीं था?

(v) दादी किस कारण सर्वाधिक प्रसन्न होगी ?

**खंड - ग**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित बहुविकल्पीय पश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :1×5=5**

**(i) कबीर ईश्वर के किस रूप के उपासक थे ?**

(क) राम

(ख) कृष्ण

(ग) शैव

(घ) निर्गुण

**(ii) घर में वापसी' कविता किस विषय पर केन्द्रित है?**

(क)लेखक के घर लौटने की कथा

(ख)गरीबी से संघर्षरत परिवार की व्यथा-कथा

(ग)उपर्युक्त दोनों उत्तर सही हैं

(घ)इनमें से कोई नहीं

**(iii) 'हंसी की चोट ' कविता का कथ्य क्या है?**

(क) राग-रंग

(ख) विप्रलभ श्रृंगार

(ग) व्यंग्य

(घ) विलासिता

**(iv) महादेवी वर्मा के दूसरे गीत 'सब आँखों के आँसू उजले' में प्रकृति के किस स्वरूप की चर्चा की गई है ?**

(क)जो सत्य है

(ख)जो मनुष्य की लक्ष्य प्राप्ति में मददगार है

(ग)जो यथार्थ है

(घ) उपर्युक्त सभी

**(V) 'दरबार' कविता में किस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई किया है ?**

(क) पतनशील और सामंती व्यवस्था पर

(ख) कृष्ण और गोपियों पर

(ग) गोपी के सपने पर

(घ) अच्छी दरबार व्यवस्था पर

**प्रश्न 7. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 5**

खेलन में को काको गुसैयाँ।

हरि हारे जीते श्रीदामा, बरबस हीं कत करत रिसैयाँ

जाति-पाँति हम बड़ नाहीं, बसत तुम्हारी छैयाँ।

अति अधिकार जनावत यातै जाते अधिक तुम्हारै गैयाँ।

**अथवा**

कह न ठंडी साँस में अब भूल वह जलती कहानी;

आग हो उर में तभी दृग में सजेगा आज पानी;

हार भी तेरी बनेगी मानिनी जय की पताका,

राख क्षणिक पतंग को है अमर दीपक की निशानी !

है तुझे अंगार-शय्या पर मृदुल कलियाँ बिछाना !

जाग तुझको दूर जाना।

**प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(i) कबीर के अनुसार सच्ची राह क्या है? 3

(ii) . 'पत्नी की आँखें आँखें नहीं हाथ हैं, जो मुझे थामे हुए हैं' से कवि का क्या अभिप्राय है? 3

(iii) बस्ती के छोटे से गाँव के अवसाद को किन-किन उपकरणों द्वारा अभिव्यक्त किया गया है? 2

(iv) बादल के घिरते समय वातावरण कैसा था ? स्पष्ट कीजिए । 2

## खंड-घ

**'अंतराल भाग-1' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

**प्रश्न 9.**(i) हुसैन के मित्र कौन थे? 2

(ii) हुसैन की कला की क्या विशेषताएं हैं? 2

(iii) कला के प्रति लोगों का नजरिया पहले कैसा था? उसमें क्या बदलाव आया है?3

## खंड-ड़

**'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:1X5=5**

**प्रश्न 10** (i) संचार किसे कहते हैं?

(ii) खोजी पत्रकारिता क्या है ?

(iii)फ्लैशबैक तकनीक से क्या अभिप्राय है ?

(iv) अनुस्मारक पत्र किसे कहते हैं?

(v)' डायरी' शब्द मूलतः किस भाषा का है और इसका क्या अर्थ है ?

**प्रश्न 11.**(i) संचार के प्रमुख कार्य कौन-से हैं? 3

(ii) व्यक्तिकोश से क्या अभिप्राय हैं ? 2

**प्रश्न12.** पटकथा लिखते समय क्या सावधानियाँ रखनी चाहिएं? **5**

**अथवा**

स्ववृत में विशेष रूप से क्या गुण होने आवश्यक हैं ?

## खड-च

**'आदर्श जीवन मूल्य ' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** 2X4=8

**प्रश्न 13.**(i) निर्भीक मनुष्य की क्या पहचान है ?

(ii) 'अहिंसा परमो धर्म:' का क्या अर्थ है ?

(iii) जीवन में क्षमा सबसे महत्वपूर्ण क्यों है ?

(iv) वीर सावरकर जहाज से कैसे बच निकले?